# महत्वपूर्ण एवं खास

## छोटी-मोटी बाधाओं से भाजपा कार्यकर्ता हार नहीं मानने वाला - डॉ. रमन सिंह

▶ अटल जी की जयंती पर भाजपा ने मनाया सुशासन दिवस

**रायपुर(आरएनएस)।** भारतीय जनता पार्टी ने देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न, छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता श्रध्देय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती के अवसर पर एकात्म परिसर में पुष्पांजलि सभा आयोजित कर सुशासन दिवस के रूप में अटल जी का जन्म दिवस मनाया। इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज का दिन शुभ है और हम सभी को गौरवान्वित करने वाला है क्योंकि अपनी प्रतिभा के बल पर देश और दुनिया को नई दिशा प्रदान करने वाले श्रध्देय अटल बिहारी वाजपेयी जी का जन्म दिवस है।

## कलार समाज ने पिछड़ा वर्ग का माना आभार निर्मलकर का किया अभिनंदन

**रायपुर,(आरएनएस)।** कलार समाज का महाधिवेशन शहीद कृष्ण कुमार निर्मलकर स्मृति उद्यान के पास बोरिया खुर्द में हुआ जिसमें समाज के लोगों ने पिछड़ा वर्ग संगठन के प्रति आभार मानते हुए संगठन के प्रदेश अध्यक्ष श्री सूरज निर्मलकर का अभिनंदन किया। समाज के अध्यक्ष भूषण लाल सिन्हा ने कहा पिछड़ा वर्ग नेताओं ने कांग्रेस को सहयोग करके छत्तीसगढ़ में खंडित आरक्षण और चिटफंड पुलिसिया अत्याचार जैसे संवेदनशील मुद्दे को उठाकर परिवर्तन की लहर चला कर ऐतिहासिक जीत दिलाई जिसके फलस्वरूप हमारे कलार समाज को भी विधानसभा में प्रतिनिधित्व मिला।

## केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति पर जल्द जा सकते हैं एसएसपी अमरेश मिश्रा

**रायपुर,(आरएनएस)।** रायपुर में पदस्थ एसएसपी अमरेश मिश्रा के जल्द ही केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति पर जा सकते हैं। राज्य सरकार ने जिन 17 आईपीएस अफसरों का स्थानांतरण आदेश जारी किया है, उसमें श्री मिश्रा को एआईजी गुप्तवार्ता बनाया गया है। ऐसे में अटकलें तेज हो गई हैं कि पीएचक्यू में ज्वाइनिंग देने के बादउन्हें प्रतिनियुक्ति के लिए रिलीव कर दिया जाएगा। पीएचक्यू सूत्रों की माने तो एसएसपी अमरेश मिश्रा के केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाने की चर्चा काफी पहले से चल रही थी। मगर इसके पूर्व की भाजपा सरकार ने उन्हें रिलीव नहीं किया था। राज्य में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद यह अटकलें एक बार फिर से तेज हो गई हैं कि श्री मिश्रा जल्द ही केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति पर चले जाएंगे।

## 11वें वेतनमान सहित अनेक मुद्दों को लेकर 10 लाख बैंक कर्मी हड़ताल पर

▶ एक दिवसीय हड़ताल से करोड़ों का लेन देन हुआ प्रभावित

**रायपुर,(आरएनएस)।** 11वां वेतनमान, रिक्त पदों पर पूर्ति एवं रोजमर्रा के काम में होने वाली समस्याओं को लेकर आज अखिलभारतीय बैंक फैडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय आव्हान पर 10 लाख बैंक कर्मियों ने हड़ताल कर बैंक का काम काज बंद रखा। स्थानीय बैंक फैडरेशन के पदाधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि अरसे से समस्याओं का निराकरण नहीं होने के चलते बैंक कर्मियों को विवश होकर हड़ताल करना पड़ा। फैडरेशन के अध्यक्ष डी के चटर्जी के अनुसार अनेकों बार केन्द्रीय वित्त मंत्रालय एवं आरबीआई को ज्ञापन सौंपने के उपरांत भी समस्याओं का निराकरण नहीं हुआ।

## तकनिकी त्रुटि के आधार पर बने मार्ग विभाजक बन रहे दुर्घटना का सबब

▶ मामला बिरगांव-उरला क्षेत्र का

**रायपुर,(आरएनएस)।** शहर के लोक निर्माण विभाग एवं नगर निगम विभाग में पदस्थ अभियंता रायपुर बिलासपुर मार्ग के निकट स्थित बिरगांव-उरला मार्ग में किस तरह दोपहिया वाहन चालकों की जान से खिलवाड़ कर रहे है। इसका उदाहरण बिरगांव निवासियों ने देते हुए बताया कि त्रुटिपूर्ण तकनिकी आधार पर बनाया गया मार्ग विभाजक (डिवाईडर) की अधिक ऊंचाई होने के कारण आए दिन दुर्घटना का सबब बन रहा है। डिवाईडर की ऊंचाई अधिक होने के कारण विपरीत दिशा से आने वाले दो पहिया वाहन एवं चार पहिया वाहन नजर नहीं आने के कारण वाहन मोड़ते समय आए दिन 2-4 बाईक सवार दुर्घटनाग्रस्त होते है।

## कवासी लखमा को वन मंत्री बनाए जाने की अटकलें तेज

▶ -विभागीय बंटवारे को लेकर सभी उत्सुक

**रायपुर(आरएनएस)।** भूपेश मंत्रिमंडल के विस्तार के बाद अब विभाग के बंटवारे को लेकर भी अटकलों का बाजार गर्म है। बताया जाता है कि मुख्यमंत्री श्री बघेल के पास राजस्व, खनिज और ऊर्जा विभाग की कमान रहेगी तो वहीं गृह विभाग के लिए वरिष्ठ नेता ताम्रध्वज साहू और वित्त विभाग के लिए टीएस सिंहदेव का नाम सामने रखा गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार विभाग के बंटवारे को लेकर खाखा तैयार कर लिया गया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और पीसीसी प्रभारी पीएल पुनिया ने मंत्री पद की शपथ लेने वाले सभी लोगों से पृथक-पृथक रूप से चर्चा कर उनके पसंदीदा विभाग की जानकारी ले ली है।

## 4 जनवरी से शुरू हो सकता है विधानसभा सत्र!

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ विधानसभा का पांचवा सत्र 04 जनवरी से प्रारंभ होकर 11 जनवरी तक चलेगा। इस बीच कुल 6 बैठकें होंगी। सूत्रों की माने तो मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कार्यकाल का यह प्रथम विधानसभा सत्र होगा। विधानसभा सत्र के लिए संभवतः आज अधिसूचना जारी हो सकती है। इस सत्र में प्रोटेम स्पीकर द्वारा विधानसभा अध्यक्ष को शपथ भी दिलाया जाना है। विधानसभा अध्यक्ष के लिए वरिष्ठ नेता डा. चरणदास महंत का नाम प्रमुखता से सामने आया है, इस सत्र के पूर्व ही विधानसभा अध्यक्ष का नाम फाइनल होना है साथ ही सत्र में राज्यपाल का अभिभाषण भी होना है।

# टाटा इस्पात संयंत्र के लिए अधिग्रहित किसानों की भूमि वापस करने का निर्णय

▶ टाटा इस्पात संयंत्र के लिए अधिग्रहित



**रायपुर(आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में यहां मंत्रालय (महानदी भवन) में केबिनेट की बैठक आयोजित की गई। बैठक में बस्तर जिले के लोहांडी गुड़ा क्षेत्र में टाटा इस्पात संयंत्र के लिए लगभग एक दशक पहले किसानों की अधिग्रहित निजी भूमि उन्हें वापस करने का सैद्धांतिक निर्णय लिया गया। केबिनेट की बैठक के बाद मंत्रीद्वय रविन्द्र चैबे और मोहम्मद अकबर ने इस फैसले की जानकारी दी। चैबे ने कहा कि यह एक ऐतिहासिक निर्णय है। उन्होंने बताया कि दस गांवों के 1707 खातेदारों को उनकी लगभग 1784 हेक्टेयर निजी भूमि वापस करने का सैद्धांतिक निर्णय आज की बैठक में लिया गया है। मुख्य सचिव को इसके लिए एक माह के भीतर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और सांसद राहुल गांधी ने लोहांडी गुड़ा क्षेत्र के किसानों से यह वादा किया था कि टाटा इस्पात संयंत्र के लिए अधिग्रहित उनकी भूमि उन्हें वापस की जाएगी। मुख्यमंत्री ने इसके लिए अधिकारियों को मंत्रिपरिषद की बैठक में प्रस्ताव लाने के निर्देश दिए थे। उनके निर्देश पर त्वरित अमल करते हुए आज 25 दिसम्बर को केबिनेट की बैठक में प्रस्ताव लाया गया।

जिन गांवों के किसानों की भूमि वापस करने का सैद्धांतिक निर्णय लिया गया है, उनमें तहसील लोहांडीगुड़ा के अंतर्गत ग्राम छिंदगांव, कुम्हली, धुरागांव, बेलियापाल, बडांजी, दाबपाल, बड़ेपरोदा, बेलर और सिरिसगुड़ा में तथा तहसील तोकापाल के अंतर्गत ग्राम टाकरागुड़ा शामिल हैं। टाटा इस्पात संयंत्र के लिए यह भूमि फरवरी 2008 और दिसम्बर 2008 में अधिग्रहित की गई थी, लेकिन संबंधित कंपनी द्वारा वहां उद्योग की स्थापना नहीं की गई।

## बीच शहर में आ धमका हाथियों का झुंड, दहशत में लोग

**कोरबा(आरएनएस)।** जिले में लंबे समय से हाथियों की चहलकदमी मानव जीवन के लिए दिन ब दिन बड़ा संकट बनता जा रहा है।पहले जंगलो में और अब खेतों की फसल कटाई के बाद बस्तियों, खलिहानों व सब्जी बाडियों में हाथियों की धमक से लोग भयाक्रांत है।गत सोम-मंगल की दरमियानी रात हाथियों का एक दल शहर के करीब दादर बस्ती पहुँच गया।और अभी भी शहर के इर्द गिर्द मंडरा रहा है। ज्ञात हो कि कोरबा के साथ कटघोरा वनमंडल क्षेत्र में हाथियों की आमद से ग्रामीण लगातार परेशान व दहशतजदा है।हाथियों की संख्या लगातार बढ़ती ही जा रही है। और फसल हानि के साथ जनहानि भी थमने का नाम नहीं ले रहा है।वन विभाग ने भी हाथियों के आतंक से निजात दिलाने अब तक कोई स्थाई विकल्प नही ढूंढ पाया।तथा जिलेवासियों को जंगली हाथियों से मुक्ति नहीं मिल पा रहा है।अब ग्रामीणों के साथ शहरवासी भी दहशत में है।ग्रामीण इलाकों में तो हालात यह है कि जंगल जाने के लिए अब ग्रामीण कतरा रहे हैं।इधर ग्रामीणों में आक्रोश भी है।

## स्मार्ट सिटी प्लान-वाई-फाई जोन के लिए पांच जगहों का हुआ सर्वे



**बिलासपुर,(आरएनएस)।** बिलासपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने शहर को स्मार्ट सिटी का लुक देने के लिए काम शुरू कर दिया है। प्रथम चरण में शहरवासियों के साथ ही युवाओं को इंटरनेट सुविधा से लैस करने का काम शुरू किया गया है। इसके लिए शहर के पांच प्रमुख जगहों को वाई फाई जोन में तब्दील करने की योजना है। मंगलवार को पांच प्रमुख जगहों का सर्वे भी किया गया है।मंगलवार 25 दिसंबर को बिलासपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के बैनर तले वाई-फाई जोन के लिए सर्व किया गया है। इसमें नेहरू चौक,श्रीकांत वर्मा मार्ग,पुराना बसस्टैंड,नूतन चौक व महाराणा प्रताप चौक का सर्वे किया गया है। ये ऐसी जगह हैं जहां लोगों की आवाजाही चौबीस घंटे लगी रहती है। शहर के प्रमुख जगहों में इनकी गिनती होती है। इन जगहों को वाई-फाई जोन में तब्दील कर लोगों को मुफ्त में इंटरनेट सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इसके पहले निगम ने अपने फंड से रिवर व्यू रोड व चौपाटी को वाई-फाई जोन में तब्दील किया है।

## मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का स्वागत किया छाबड़ा ने

**रायपुर,(आरएनएस)।** प्रदेश के मुख्यमंत्री बनने के बाद जनता का आभार व्यक्त करने भूपेश बघेल द्वारा पाटन क्षेत्र में रोड शो किया गया जिसका स्वागत प्रदेश युवा कांग्रेस व्यापार प्रकोष्ठ के पूर्व महामंत्री मोनेन्द्र छाबड़ा के नेतृत्व में ग्राम साकरा में किया गया । छाबड़ा ने बताया कि रोड शो के पूर्व श्री बघेल द्वारा अमलेश्वर स्थित शिव मंदिर में पूजा-अर्चना कर छत्तीसगढ़ राज्य की खुशाली की कामना की गई । छाबड़ा के नेतृत्व में सर्वश्री रोहित तिवारी ,अशोक सिंगौर, धनेश सिंगौर, गोरेलाल चंद्राकर, पतिराम यादव, चैतराम सिंगौर, घनश्याम साहू, रामकुमार सिंगौर, कमलेश,आदि द्वारा श्री बघेल का भव्य स्वागत किया गया।

## 17 आईपीएस पुलिस अफसरों का तबादला




**रायपुर(आरएनएस)।** राज्य सरकार ने मंगलवार की देर रात को 17 आईपीएस पुलिस अफसरों का तबादला आदेश जारी किया है। इसमें प्रदेश के दर्जनभर जिलों के एसपी भी शामिल है। जारी आदेशानुसार जांजगीर-चांपा की एसपी नीतू कमल को रायपुर एसपी का प्रभार सौंपा गया है, वहीं सुकमा के एसपी अभिषेक मीणा को बिलासपुर का एसपी बनाया गया है।

इसी प्रकार दुर्ग एसपी संजीव शुक्ला को डीआईजी सीआईडी पीएचक्यू, हेतराम मनहर एसपी बेमेतरा को डीआईजी मानवाधिकार पीएचक्यू, अमरेश मिश्रा एसपी रायपुर को एआईजी गुप्त वार्ता पीएचक्यू, शेख आरिफ एसपी बिलासपुर को एआइजी नक्सल आपरेशन पीएचक्यू, मयंक श्रीवास्तव एसपी कोरबा को एआइजी तकनीकी सेवा व ट्रैफिक पीएचक्यू, राजेन्द्र नारायण दास कमांडेट सावती बटालियन को एसपी जांजगीर-चांपा, दीपक कुमार झा एसपी रायगढ़ को एसपी ईओडब्ल्यू रायपुर, जितेंद्र सिंह मीणा एआइजी तकनीकी सेवा व ट्रैफिक को एसीपी कोरबा बनाया गया है। इसी प्रकार प्रखर पांडेय एसपी मुख्यमंत्री सुरक्षा से एसपी दुर्ग बनाया गया है। इंद्रकल्याण इलेसेला एसपी बालोद को एसपी नारायणपुर, जितेंद्र शुक्ला एसपी नारायणपुर को एसपी सुकमा, शंकर लाल बघेल कमांडेंट नौवीं बटालियन दंतेवाड़ा से एसपी जशपुर , राजेश अग्रवाल एएसपी राजनांदगांव को एसपी रायगढ़, प्रशांत ठाकुर एसपी जशपुर को एसपी बेमेतरा तथा सुशील डेविड एआइजी पीएचक्यू को एसपी मुख्यमंत्री सुरक्षा बनाया गया है।

## सर्दियों में नहाने में हो मुश्किल तो खरीद लाएं ये दो प्रॉडक्ट्स



सर्दियों में कई बार देर होने या मॉर्निंग शिफ्ट के चक्कर में हम शैंपू नहीं कर पाते। कई बार तो बीमारी वगैरह के चलते नहाना भी मिस हो जाता है। कुछ लोग ऐसे भी हैं जिनकी ठंड पानी के नाम से और भी बढ़ जाती है। ऐसे दिनों के लिए आपके पास दो चीजें जरूर होनी चाहिए। जानें इनके बारे में...

### प्रजेंटेबल दिखना है जरूरी

सर्दियों में आप किसी भी वजह से नहाना या शैंपू करना स्किप करें लेकिन प्रजेंटेबल दिखना बेहद जरूरी होता है। वहीं हाइजीन के लिहाज से भी सफाई तो जरूरी है। साथ ही ज्यादा दिन शैंपू न कर पाने से आपके बाल भी ऑइली दिखने लगते हैं।

### ये दो प्रॉडक्ट्स हैं कमाल

इस समस्या से निपटने के लिए आप सर्दियों में बाथ वाइप्स और ड्राई शैंपू का इस्तेमाल कर सकते हैं। जानें इस्तेमाल का तरीका...

### ड्राई शैंपू

सर्दियों में बाल ज्यादा ऑइली दिखते हैं। अगर आप बार-बार शैंपू नहीं कर सकते तो ड्राई शैंपू का इस्तेमाल करें। इसे बिना पानी के यूज किया जा सकता है। ये ऐरोसॉल में आता है जो कि पाउडर की तरह होता है। यह कॉर्न और स्टार्च का बना होता है जो बालों का ऑइल और चिपचिपाहट खत्म कर देता है। आपको इसे बस अपने बालों पर स्प्रे करना होता है और बाल फ्रेश लगने लगते हैं।

### बाथ वाइप्स

आप यात्रा कर रहे हों या बीमारी कभी-कभी परिस्थित ऐसी बन जाती है जब आप नहा नहीं पाते। अगर आप फ्रेश फील करना चाहते हैं तो बॉडी वाइप्स का इस्तेमाल कर सकते हैं। सामान्य नहाने के तरीके की तरह आपको इसमें पानी और वॉशरूम जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इसमें ऐंटीबैक्टीरियल प्रॉपर्टीज होती हैं जिससे हाइजीन भी बना रहता है। इन वाइप्स से आपकी स्किन को भी नरिशमेंट मिलता है।

## लोकसभा चुनाव में प्रत्याशियों का चयन कार्यकर्ता ही करेंगे -भूपेश बघेल

**रायपुर(आरएनएस)।** कॉन्ग्रेस आने वाले लोकसभा चुनाव में प्रत्याशियों का चयन विधानसभा की तरह ही कार्यकर्ता करेंगे।

उक्त बातें आज एक पत्रकारवार्ता के दौरान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कही। मंत्रिमंडल के गठन के बाद राजीव भवन पहुंचे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि लोकसभा में प्रत्याशियों का चयन विधानसभा की तरह कार्यकर्ता करेंगे।


कोई भी दावेदारी कर सकता है। इसके बाद सभी कार्यकर्ताओं का फीडबैक लिया जाएगा। इसके अलावा विधानसभावार कार्यकर्ताओं को चुनाव के मद्देनजर प्रशिक्षित किया जाएगा।

## क्या आप जानते हैं वास्तु और फेंग शुई की इन समानताओं के बारे में



कई लोग भ्रम करते हैं कि वास्तुशास्त्र के सिद्धांत सिर्फ भारत में और फेंगशुई के सिद्धांत सिर्फ चीन में लागू होते हैं। परंतु ऐसा नहीं है, वास्तुशास्त्र और फेंगशुई दोंनों के सिद्धांत समूचे विश्व में समान रूप से लागू होते हैं। क्योंकि ये दोनों शास्त्र सूर्य की किरणों एंव पृथ्वी पर बहनेवाली चुम्बकीय तरंगों पर आधारित हैं। सूर्य की किरणें और पृथ्वी की तरंगें, मनुष्य द्वारा निर्धारित की गई किसी भी देश की सीमा से प्रभावित नहीं होते हैं। आइए, जानते हैं इन दोनों शास्त्रों के बीच क्या समानताएं हैं । फेंगशुई में घर के मुख्य द्वार पर लाल रंग के प्रयोग की सलाह दी जाती है, जिससे उस घर में रहनेवाले लोगों की प्रसिद्धि बढ़ती है। वहीं वास्तुशास्त्र कहता है कि मुख्य द्वार पर स्वास्तिक, ओम, शुभ-लाभ लिखने में भी लाल रंग का ही प्रयोग करना चाहिए। यह शुभ होता है। मंदिरों में अधिकतर भगवान की मूर्तियों को सिंदूर चढ़ाया जाता है। देवी को लाल चोला व चुनरिया पहनाई जाती है तो चीन में भी भगवान को लाल कपड़ों से सजाया जाता है, लाल कागज व लाल रंग के बल्ब मंदिर में लगाए जाते हैं। फेंगशुई में घर के अंदर कबाड़ रखना शुभ नहीं माना जाता है और सफाई पर अत्यधिक जोर दिया जाता है।

## नेटफ्लिक्स दुनिया को भारतीय प्रतिभा दिखाने का शानदार मंच : अनिल कपूर




नेटफ्लिक्स के आगामी शो सिलेक्शन डे का सह-निर्माण करने वाले अभिनेता-निर्माता अनिल कपूर का कहना है कि स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म दुनिया को भारतीय प्रतिभा दिखाने का एक अच्छा मंच है। अनिल कपूर ने कहा, यह शो (सिलेक्शन डे) एक बेहद अच्छे उपन्यास (अरविंद अडिगा की नामांकित पुस्तक) का रूपांतरण है। यह 28 दिसंबर को दुनिया भर के 190 से अधिक देशों में प्रदर्शित किया जाएगा। मुझे लगता है कि नेटफ्लिक्स पूरी दुनिया को भारतीय कलाकारों और तकनीशियनों की क्षमता दिखाने का एक शानदार मंच है।

अनिल ने कहा कि एक निर्माता के रूप में नेटफ्लिक्स के साथ सहयोग करने से उन्हें लगता है कि प्रोडक्शन अब एक थैंकलैस जॉब नहीं रहा। सिलेक्शन डे के प्रीमियर के दौरान यह बात कही। उनके साथ कबीर खान, अक्षय ओबेरॉय, सानिया मल्होत्रा, रिया कपूर,

## मौनी रॉय ने अपने इंस्टाग्राम पर पोस्ट कीं अपनी हॉट तस्वीरें



टीवी पर नागिन के किरदार से फेमस हुई ऐक्ट्रेस मौनी रॉय अब बॉलिवुड में एंट्री मार चुकी हैं और अब अगले साल के लिए उनके पास कई प्रॉजेक्ट्स भी हैं। फिल्मों और टीवी सीरियल के अलावा मौनी इंस्टाग्राम पर अपने फैशनेबल अंदाज़ को लेकर भी काफी सुर्खियों में रहती हैं। मौनी ने एक बार फिर अपने इंस्टा पर एक ऐसी तस्वीर पोस्ट की है, जिसे लेकर वह सुर्खियों में हैं। मौनी रॉय ने अपनी एक तस्वीर इंस्टाग्राम पर पोस्ट की है, जिसमें वह पिंक रफल्ड स्कर्ट के साथ ब्लैक शीर क्रॉप टॉप पहन रखी है।

## खुशियां बांटने के लिए अभिनय से ब्रेक लिया: सारा खान



'ब्लैक हार्ट' नामक गीत को अपनी आवाज देने वाली अभिनेत्री सारा खान ने कहा कि वह खुशियां बांटने के लिए अभिनय से ब्रेक लेकर गायिका बनीं हैं।

सारा खान ने एक बयान में कहा, ''अभिनय ने मुझे एक सफल करियर दिया और जब भी मुझे कोई चुनौतीपूर्ण किरदार निभाने का मौका मिलेगा, मैं उसे निभाउंगी। इस बीच, मैं गाकर खुशियां फैलाना चाहती हूं। इसलिए मैंने ब्रेक लिया और संगीत लॉन्च किया।''

इस साल सारा ने 'लेकिन वो मेरा इश्क है' नामक अपना पहला गाना गाया। उनके अनुसार, गीत गाना खुश रहने के लिए जरूरी है।

सारा ने कहा, ''मैं महसूस करती हूं कि गायक बनने का सबसे बड़ा लाभ यह है कि आप दूसरों में खुशी बांटते हैं।''

उन्होंने कहा, ''जब लोग उदास होते हैं तब वे गीत सुनते हैं जिससे उनके मन को शांति मिलती है। लोग जब बहुत खुश होते हैं तब भी गाने सुनते हैं जैसे कि किसी विशेष अवसर पर या पार्टियों में। गीत उनके जीवन में खुशियों में रंग भरता है।''